# समन्वित प्रयासों से सबका विकास और सशक्त-समर्थ भारत का निर्माण होगा : राज्यपाल बागड़े




राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने गोष्ठी को संबोधित किया।

- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने जीजीटीयू में ''भविष्य का भारत और हमारा योगदान विकसित भारत 2047'' के विशेष संदर्भ में आयोजित गोष्ठी में शिरकत की

**बांसवाड़ा, (निसं)।** समन्वित प्रयासों से ही सबका विकास और सशक्त और समर्थ भारत का निर्माण होगा। जब हम 2047 में विकसित भारत की संकल्पना करते हैं तो ऐसे में हमें राष्ट्र को सशक्त बनाने के लिये सामर्थ्यनुसार यज्ञ में आहुति देनी होगी। यह आव्हान राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने जीजीटीयू में ''भविष्य का भारत और हमारा योगदान विकसित भारत 2047'' के विशेष संदर्भ में आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि पद से किया।

उन्होंने कहा कि हमारे देश का समृद्ध अतीत इस बात का साक्षी है कि शक्तिपुंज युवाओं ने देश की दिशाएं तय की है। आज के युवा को न केवल अकादमिक वरन् वैज्ञानिक दृष्टि से भी संपन्न होना होगा। साथ ही नैतिक रुप से समृद्ध होते हुए राष्ट्रप्रेमी बनना पड़ेगा। इस लक्ष्य की पूर्ति में उच्च शिक्षा केन्द्र सबसे बड़े माध्यम बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी प्राथमिकताएं तय करनी होंगी वहीं स्वामी विवेकानंद, खुदीराम बोस के जीवन चरित्र को आत्मसात् करना होगा। उन्होंने शहीदी मानगढ़ धाम के प्रणेता गोविन्द गिरि को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे महामानव थे जिन्होंने न केवल विदेशी हुकूमत के खिलाफ सशक्त जनांदोलन खड़ा किया वरन् सामाजिक चेतना को भी जागृत किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भारत में डिजिटल विकास, स्टार्ट अप, सशक्त और सार्थक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में विकास होगा। वहीं पर्यावरण संरक्षण, हर गांव में बुनियादी सुविधाओं से युक्त होगा और अनुकूल अर्थव्यस्था बनेगी वहीं शिक्षा व कौशल विकास के क्षेत्र में नये मानक तय होंगे। साथ ही सनातन मूल्यों दूसरों के हित का चिंतन, राष्ट्रहित सर्वोपरि, सर्वे भवन्तु सुखिन: आदि भावों के साथ ही समावेशी व सतत विकास होगा। प्रारंभ में स्वागत करते हुए कुलपति प्रो. केशव सिंह ठाकुर ने विश्वविद्यालय की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए भावी कार्यों और परियोजनाओं की जानकारी दी। राज्यपाल बागड़े ने प्रथम लोकसभाध्यक्ष जीवी मावलंकर के साथ के दिनों को याद किया।

राज्यपाल बागड़े की सादगी का हर कोई कायल नजर आया। राज्यपाल ने संगोष्ठी से पूर्व परिसर में गुलाब-वाटिका में कदम्ब का पौधा रोपा और कैम्पस में बनने वाले दो भवनों विश्वविद्यालय के शोध अनुभाग के लिये कौटिल्य शोध भवन एवं छात्रों के कल्याण और मार्गदर्शन केन्द्रित स्वामी विवेकानंद छात्र-कल्याण भवन का शिलान्यास किया।

कार्यक्रम में प्रबंध मंडल के सदस्य और विधायक गढी कैलाश मीणा, पूर्व सांसद मानशंकर निनामा, पूर्व संसदीय सचिव भीमा भाई, पूर्व विधायक घाटोल हरेन्द्र निनामा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कृष्णा कटारा, भाजपा जिलाध्यक्ष लाभचंद पटेल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष गोविन्द सिंह राव, जिले के वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी लालसिंह पाटीदार, न्यू लुक शिक्षण संस्थान निदेशक प्रदीप कोठारी, जीजीटीयू कुलगीतकार हरीश आचार्य, पूर्व प्राचार्य डॉ. डीके जैन, विश्वविद्यालय के प्रो. अलका रस्तौगी, प्रो. मनोज पंड्या, प्रो. लक्ष्मण लाल परमार, डॉ. राकेश डामोर, डॉ. प्रवीण मीणा, डॉ. अर्पित पाठक, कैम्पस और इंजिनीयरिंग कॉलेज के संकाय सदस्यों के साथ विद्यार्थियों ने सहभागिता की। संचालन प्रभारी सम्बद्धता डॉ. नरेंद्र पानेरी ने किया जबकि आभार कुलसचिव राजेश जोशी ने माना। न्यू लुक शिक्षण संस्थान की एनसीसी कैडेट्स ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया और बैंड पार्टी ने स्वागत अभिनन्दन किया।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय का किया भ्रमण

**देवगढ़, (निसं)।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय देवगढ़ में सामाजिक सहभागिता एवं स्कूल जोड़ो अभियान के अंतर्गत राजसमंद जिले में नव चयनित पीएम श्री राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ठीकरवास तहसील भीम एवं पीएम श्री राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मोराना तहसील कुंभलगढ़ के मुख्य अध्यापक स्टाफ एसएमसी सदस्य एवं विद्यार्थियों के दल ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय देवगढ़ का शुक्रवार को भ्रमण किया गया। स्थानीय विद्यालय के प्राचार्य विजयेंद्र नागदा ने बताया कि विद्यालय में चल रही एवं किए गए कार्यों का निरीक्षण किया एवं अपने विद्यालय में इस वर्ष के दौरान की जाने वाली गतिविधियों के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया इसमें विद्यालय के प्राचार्य विजयेंद्र नागदा एवं विद्यालय के शिक्षकों पूसा लाल हुकुमचंद मीणा दिनेश मीणा सूरज सिंह दीपेंद्र सिंह आदि ने संपूर्ण विद्यालय का भ्रमण करवा कर विद्यालय में वर्मी कंपोस्ट, उत्पादन ,किचन गार्डन ,हर्बल गार्डन, रोज गार्डन ,ड्रिप इरीगेशन पुस्तकालय ,प्रयोगशाला, टॉय लाइब्रेरी ,रिसोर्स रूम, बाल वाटिका, खेल कक्ष, चिकित्सा कक्ष ,बहुउद्देशीय भवन, खेल मैदान, सामाजिक विज्ञान, कक्ष गणित प्रयोगशाला ,आदि का बारीकी से निरीक्षण किया इसके पश्चात विद्यालय के स्मार्ट कक्षा कक्ष में संपूर्ण वर्ष के दौरान की गई विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया जिसे उक्त दोनों ही विद्यालयों द्वारा सराहा गया।

## सार-समाचार

### छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई

**कपासन, (निसं)।** स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत 320 छात्राओं ने अपने स्वयं, घर ,स्कूल और मोहल्ले से स्वच्छता अभियान शुरू करने के साथ स्वच्छता की शपथ ली। पखवाड़े में वेस्ट टू आर्ट, चित्रकला प्रतियोगिता, स्वच्छता दौड़, श्रमदान, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर आदि कार्यक्रम होंगे। नगर पालिका के जेईएन खेमराजसिंह गुर्जर ने बताया कि ईओ भानु प्रताप सिंह के निर्देशानुसार नगर पालिका की ओर से स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता की थीम पर स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहें हैं।जिसमें शुक्रवार को स्थानीय राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छता शपथ और स्वच्छता संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें छात्राओं को स्वच्छ भारत मिशन और स्वच्छता पखवाड़े की जानकारी दी गई। और इस अभियान को अपने स्वयं के स्तर पर अपने घर, स्कूल, मोहल्ले से शुरुआत करने के लिए मोटिवेट किया।कचरा निस्तारण की जानकारी दी। इसके साथ ही इन्हें स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर पार्षद सुनीता शर्मा, वन्दना सोनी, विद्यालय प्रधानाचार्य सुधा उपाध्याय ने छात्राओं को अपने स्वयं से ,घर से ओर विद्यालय से इस कार्य को शुरू करने के लिए मोटिवेट किया। एसबीएम एमआईएस रिया गर्ग ने उपस्थिति लगभग 320 छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। विद्यालय के शिक्षक अनिल सोमानी ने कार्यक्रम का संचालन किया।इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल उपाध्यक्ष दिनेश सोनी, विद्यालय स्टाफ से मधु टेलर, रक्षा पटवा अंजली वर्मा, हेमंत मीणा ,रेशमा मीणा,अभिलाषा सोमानी, प्रीति बाला शर्मा, हेमलता काबरा नपा के कर्मचारी आदि का सहयोग रहा।पखवाड़े में कई कार्यक्रम आयोजित होंगे।

### डाक चौपाल का आयोजन

**कपासन, (निसं)।** भारत सरकार की सौ दिवसीय कार्य योजना के अंतर्गत शुक्रवार को स्थानीय उप डाकघर में डाक चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें सुकन्या योजना सहित आदि योजना की जानकारियां देकर लोगों को मोटिवेट किया। स्थानीय उप डाकघर के पोस्ट मास्टर रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि डाक चौपाल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका के पार्षद अशोक विजयवर्गीय थे। ओर अध्यक्षता डाक विभाग के निरीक्षक रवि सिंह गढ़ानी ने की। डाक विभाग के अमजद खान, दीपक बैरागी आदि ने डाकघर के माध्यम से संचालित होने वाली केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारियां दी और इसका लाभ उठाने का आ ान किया।

### विद्यालयों का किया निरीक्षण

**कपासन**, (निसं)। जिला कलक्टर आलोक रंजन ने शुक्रवार को विभिन्न विद्यालयों का औचक और सघन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने राजकीय प्राथमिक विद्यालय - भग्गा खेड़ा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय- बनाकिया कला, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बारु, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय - भीमगढ़, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय- बनाकीया कला ब्लॉक कपासन का औचक निरीक्षण कर मिड डे मील, शैक्षिणक व गैर शैक्षिणक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने पोषाहार तैयार करने की रसोई, साफ सफाई, खाद्य सामठाी के स्टॉक आदि की जांच की तथा साफ सफाई व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय- बनाकीया कला ब्लॉक कपासन में दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को संस्कृत विषय तथा बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को अंठोजी विषय का अध्यापन भी कराया।

### बाइक चोर गिरफ्तार

**उदयपुर,** 20 सितंबर। खेरवाड़ा थाना पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले बदमाश को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से चोरी की दो बाइक बरामद की। प्रकरण के अनुसार 8 फरवरी को यतीश परमार पुत्र शंकरलाल निवासी चांदपुरा सरेरा पहाडा ने खेरवाड़ा पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि 27 जनवरी को सोनाठाफी सेंटर सर्विस लाईन बडला संस्कृत स्कूल के पास बाइक खड़ी की थी। जिसे अज्ञात चोर चुरा ले गया। इसी तरह हिम्मत पुत्र बाबुलाल खरड़ी निवासी लखमात फला बांरा परसाद ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि 31 मार्च को बाइक गोदावरी गार्डन के पार्किंग में खड़ी की थी। जिसे अज्ञात चोर चुरा ले गया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजरा सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजीव राहर के सुपरविजन में खेरवाड़ा थानाधिकारी दिलिपसिंह झाला के नेतृत्व में गठित दल ने लक्ष्मण उर्फ लच्छु पुत्र मोगा पुत्र धमोद थाना बिच्छीवाड़ा डूंगरपुर को साबरमती जेल से प्रोडेक्शन वारंट जरिये गिरफ्तार कर इसकी निशान देही से चोरी की दो बाइक बरामद की।

### रीढ़ की हड्डी के टेडापन की सफल सर्जरी

**उदयपुर,** (कासं)। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल,भीलों का बेदला में 13 बर्षीय बच्चें की रीढ़ की हड्डी के टेडापन (स्कोलियोसिस) बीमारी की सफल सर्जरी कर जीवनदान दिया। प्रतापगढ के जुपना गॉव निवासी 13 वर्षीय बच्चा पिछले कई बर्षो से सीधा खडा नहीं हो पाता था। जैसे ही वह खडा होता उसका शरीर एक तरफ झुक जाता। बच्चें के परिजनों की मानें तो बच्चा तीन चार साल का था तब से उसका शरीर कमर के पास से टेडा सा नजर आता था। परिजनों ने स्थानीय चिकित्सको को दिखाया लेकिन आराम नहीं मिला तो परिजन उसे भीलों का बेदला स्थित पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल लेकर आए यहां स्पाइन सर्जन डॉ.सुभाष शर्मा ने उसकी जांचें की एवं एक्सरे और एमआरआई कराई तो पता चला कि बच्चें को स्कोलियोसिसकी बीमारी है। इसके बाद अस्थि रोग विभागाध्यक्ष एवं स्पाइन सर्जन डॉ.सुभाष शर्मा, डॉ.दीपक अग्रवाल, ऐनिस्थिया विभाग के डॉ.प्रकाश औदिच्य, डॉ.के.जी.जागिंड एवं सुभाष की टीम ने उसकी सर्जरी की। इस सर्जरी में बच्चें की रीढ की हड्डी जो 70 डिग्री थी उसे ऑपरेशन के माध्यम से 12 डिग्री पर लाया गया। करीब पॉच सें छह घंटे के ऑपरेशन चला।

## कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन कर जताया आक्रोश



भाजपा नेताओं की हिंसक बयानबाजी के खिलाफ कलेक्ट्रेट के बाहर विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेस जन।

- नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के लिए भाजपा नेताओं की हिंसक
- बयानबाजी के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी ने विरोध प्रदर्शन किया

**डूंगरपुर।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के लिए भाजपा नेताओं की हिंसक बयानबाजी के खिलाफ शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी डूंगरपुर ने जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन कर आक्रोश जताया और कहां कि भाजपा के नेता कभी विकास की बात नही करते ओर देश में बढती मंहगाई एवं बेरोजगारी के बारे में भाषण नही देते लेकिन सुबह उठते ही कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व देश के युवा दिलो की धडकन एवं लोकसभा में प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी पर हिंसक बयानबाजी कर लोगो को गुमराह करने का काम जोर शोर से करते हैं,जिसे लेकर भाजपा के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर मांग की है कि भविष्य में ऐसी हिंसक बयान बाजी पर रोक लगाई जाए व भाजपा के नेताओ को पाबंद किया जावे।

इस अवसर विधायक गणेश घोगरा, जिलाध्यक्ष वल्लभ राम पाटीदार, पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा, पूर्व राज्यमंत्री डॉ शंकर यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रियकांत पंड्या, महामंत्री नारायण पण्डया, मनोज पाटीदार, वालजी भाई पाटीदार, सरपंच संघ ब्लॉक अध्यक्ष राकेश रोत, उपाध्यक्ष महेंद्र भगोरा, संगठन महासचिव कृष्णराज सिंह, पूर्व प्रधान निमीषा भगोरा, बसंती बागडिया, महिला जिलाध्यक्ष अंशुमाला पंचाल, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश भोई, दुलेसिंह, लक्ष्मण साद, कारीलाल मीणा, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय परमार, पूर्व अध्यक्ष अभिलाष बागडिया, युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण रोत, मोहन यादव, दशरथ ननोमा, हेमेंद्र सिंह टोकवासा, बंशीलाल साद,शार्दुल चौबीसा, मस्तुक मलिक, सूर्यवीरसिंह ददोदिया, नारायण रोत, महेश रोत, रुपदेव ननोमा,विद्याशंकर सुथार, सहित जिलेभर के वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी एवं अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी व कांग्रेस जन मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री की घोषणा की क्रियान्विति नहीं होने के विरोध में मनाया ज्ञापन दिवस

**राजसमंद, (निसं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा वित्त एवं विनियोग विधेयक में राज्य कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों को लेकर की गई घोषणा की क्रियान्विति नहीं होने के विरोध में शुक्रवार को हजारों राज्य कर्मचारियों ने अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के प्रदेशध्यक्ष गजेंद्रसिंह राठौड के आव्हान पर पूरे प्रदेश में ज्ञापन दिवस मनाया और जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री भजनालाल शर्मा के नाम का ज्ञापन प्रस्तुत किया।

राजसमंद में यह ज्ञापन महासंघ (एकीकृत) के जिलाध्यक्ष महेश कुमार शेरावत की अगुवाई में शिस्ट मंडल की ओर से जिला कलेक्टर शुभम चौधरी को सौंपा। महासंघ (एकीकृत) के जिलाध्यक्ष महेश कुमार शेरावत ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 29 जुलाई 2024 को वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान कर्मचारी वेतन विसंगति परीक्षण समिति की शेष सिफारिशों को 1 सितंबर 2024 से लागू करने की घोषणा की थी। लेकिन राज्य सरकार ने समिति की रिपोर्ट को आज तक सार्वजनिक नहीं किया है। इससे प्रदेश के राज्य कर्मचारियों में काफी आक्रोश है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि मुख्यमंत्री की घोषणा के मुताबिक वेतन विसंगति परीक्षण समिति के रिपोर्ट को शीघ्र सार्वजनिक किया जावे और महासंघ के लंबित मांग पत्र पर उच्च स्तरीय वार्ता आयोजित कराकर मांगों का निराकरण किया जावे।

- अर्जित अवकाश की सीमा 300 दिवस से बढ़ाकर सेवा निवृत्ति तक जोडने, ग्रामीण कर्मचारियों को मूल वेतन का 10 प्रतिशत ग्रामीण भत्ता स्वीकृत करने सहित आदि मांग



विभिन्न मांगों को लेकर जिला कलक्टर शुभम चौधरी को ज्ञापन सौंपते अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ( एकीकृत ) राजसमंद के पदाधिकारी।

अन्यथा कर्मचारियों को राज्य व्यापी आंदोलन के लिए बाध्य होना पडेगा। ज्ञापन में वेतन विसंगति परीक्षण समिति की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने, ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) को यथावत रखने, चयनित वेतनमान का परिलाभ 9, 18 व 27 वर्ष के स्थान पर 8, 16, 24 व 32 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने पर पदोन्नति पद के समान देने, अधीनस्थ मंत्रालयिक संवर्ग का कॉडर रिव्यू कर द्वितीय पदोन्नति (सहायक प्रशासनिक अधिकारी) को ग्रेड पे 3600 के स्थान पर 4200 स्वीकृत करने, राजस्थान कांट्रेकुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स-2022 में जनता जल योजना कर्मी, एमएनडीवाई एवं एमएनजेवाई कर्मी, होमगार्ड, आंगनबाडी कर्मियों, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अंशकालीन रसोई व चौकीदार, वन मित्र, कृषि मित्र एवं आईटीआई गेस्ट फैकल्टी आदि के पद नाम शामिल करने, तृतीय श्रेणी अध्यापकों, मंत्रालयिक कर्मियों (पंचायती राज सहित) एवं समस्त अधीनस्थ कार्मिकों के स्थानांतरण विकल्प पत्र के अनुसार करने, ठेका एवं प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से लगे संविदा/ठेका कर्मियों को शोषण से मुक्त करने के लिए बजट घोषणा 2023 के अनुसार आरएलएसडीसी के गठन का नोटिफिकेशन जारी करने, अर्जित अवकाश की सीमा 300 दिवस से बढाकर सेवा निवृत्ति तक जोडने, ग्रामीण कर्मचारियों को मूल वेतन का 10 प्रतिशत ग्रामीण भत्ता स्वीकृत करने, राजस्थान परिवहन निगम को राजस्थान सरकार के विभाग के रूप में समाहित करना एवं रोडवेज कर्मचारियों को पेंशन/वेतन का भुगतान राजस्थान सरकार की ट्रेजरी से करने एवं महिला कर्मचारियों के लिए क्रैच की सुविधा प्रारंभ करना आदि शामिल करने की मांग की।

## भाजपा सदैव विकास और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्ध रही है : माहेश्वरी

**राजसमंद, (निसं)।** विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने नगर परिषद आयुक्त एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ शुक्रवार को शहर के बालकृष्ण स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान स्टेडियम के विकास, रखरखाव और मरम्मत से जुडे विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने जोर देकर कहा कि स्टेडियम को क्षेत्र में खेलकूद प्रतिस्पर्धाओं एवं अन्य आयोजनों के लिए अधिकतम उपयोग में लाना आवश्यक है, ताकि स्थानीय जनता को समुचित सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि स्टेडियम की अवस्थिति और सुविधाओं का सही उपयोग करने से न केवल खेल गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि क्षेत्र में युवाओं के लिए स्वस्थ जीवनशैली को भी बढावा मिलेगा। इस अवसर पर विधायक ने क्षेत्रवासियों के साथ भी संवाद किया और उनकी आवश्यकताओं व सुझावों को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्टेडियम के रखरखाव और मरम्मत कार्य शीघ्रता पूर्वक और गुणवत्ता के साथ संपन्न किए जाएं, ताकि सभी वर्गों को इसका लाभ मिल सके।

- विधायक ने किया फागिंग मशीन वाहन सेवा का शुभारंभ



राजसमंद शहर के बालकृष्ण स्टेडियम का निरीक्षण के दौरान स्टेडियम के विकास कार्यों पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा करते विधायक दीप्ति माहेश्वरी।

विधायक दीप्ति ने शुक्रवार को नगर परिषद राजसमंद द्वारा संचालित फागिंग मशीन वाहन का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

इस सेवा का उद्देश्य मलेरिया, डेंगू और अन्य मच्छर जनित रोगों के प्रसार को नियंत्रित करना है। इस अवसर पर विधायक माहेश्वरी ने कहा कि इस फागिंग मशीन वाहन से क्षेत्र में मच्छरों के कारण फैलने वाली बीमारियों पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी। विधायक दीप्ति ने अधिकारियों से अपील की कि वे नियमित रूप से नागरिक क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखें और मच्छरों के पनपने वाले स्थानों पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही अच्छे स्वास्थ्य की कुंजी है और इस दिशा में सभी को सजग रहकर सहयोग करना चाहिए। विधायक ने उपस्थित जनसमुदाय और पार्टी कार्यकर्ताओं से भी स्वच्छता अभियान में पूर्ण सहयोग देने का अनुरोध किया, ताकि मच्छर जनित रोगों के प्रसार को रोका जा सके और नागरिकों का स्वास्थ्य बेहतर हो सके। विधायक दीप्ति माहेश्वरी के सानिध्य में ग्राम चौकडी में भाजपा का सदस्यता अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत बडी संख्या में ग्रामीणों ने भाजपा की सदस्यता लेकर पार्टी की नीतियों के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की और विकास, सुरक्षा तथा समृद्धि को सशक्त बनाने में योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सदैव विकास और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्ध रही है और आज आपके समर्थन से यह अभियान और भी सशक्त होगा।

## गिरदावरी एप में संशोधन की मांग

**भीम, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर तहसील कार्यालय परिसर में पटवार संघ की ओर से मांग पत्र पर सहमति लागू करवाने और गिरदावरी ऐप में संशोधन की मांग को लेकर शुक्रवार को चौथ दिन भी कलम डाउन हड़ताल जारी रही। पटवारी सभी राजस्व कार्यों का बहिष्कार कर तहसील में धरना देकर प्रदर्शन कर रहे हैं।

पटवार संघ के भीम ब्लॉक अध्यक्ष जसवंत सिंह ने बताया कि अतिरिक्त भू प्रबंध आयुक्त, राजस्थान के साथ हुई मांगों पर सहमति के बावजूद इसे लागू नहीं किया गया, जिससे पटवार संघ में रोष व्याप्त है। संघ की ओर से पूर्व में हुए समझौतों को लागू करने और गिरदावरी ऐप में आवश्यक संशोधन करवाने की मांग को लेकर प्रदेशव्यापी पेन डाउन हड़ताल जारी है।

हड़ताल के तहत, भीम तहसील कार्यालय पर शुक्रवार को चौथे दिन भी धरना प्रदर्शन हुआ,। और कलम डाउन कर पटवारियों ने सभी राजस्व कार्यों का बहिष्कार किया। संघ ने चेतावनी दी है कि मांगे पूरी न होने पर प्रदर्शन इसी तरह जारी रहेगा।साथ हुई मांगों पर सहमति के बावजूद इसे लागू नहीं किया गया, जिससे पटवार संघ में रोष व्याप्त है। पटवार संघ की ओर से मांग पत्र पर सहमति लागू करवाने और गिरदावरी ऐप में संशोधन की मांग को लेकर कलम डाउन हड़ताल तहसील परिसर में जारी रही।राजस्थान पटवार संघ ने गिरदावरी कार्य में संशोधन की पांच सूत्री मांगों को लेकर गिरदावरी कार्यों का बहिष्कार करते हुए पेन डाउन हड़ताल की।

## संगोष्ठी का हुआ आयोजन




विद्यापीठ एवं आईसीएसआर के साझे में राष्ट्रीय संगोष्ठी में पुरातत्व क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले को सम्मानित करते अतिथि ।

**उदयपुर**, (कासं)। हड़प्पा संस्कृति में कई ऐसे ठोस प्रमाण मिले है जिससे प्रतीत होता है कि भारतीय ज्ञान परम्परा का उद्गम इसी काल से हुआ है। खुदाई के दौरान प्राचीन सरस्वती की मुर्तिया जिन पर धूएँ की परत, पीपल के वृक्ष, नारी की मुर्तिया आदि के प्रमाण मिले है। हडप्पा कालीन संस्कृति में अधिकाधिक सशक्त भारतीय ज्ञान परम्परा व समृद्धशाली भारतीय संस्कृति के आधारभूत तत्व प्रमाण सहित मिलते है। नमस्ते की परम्परा भी इसी सभ्यता की देन है। उक्त विचार शुक्रवार को राजस्थान विद्यापीठ विवि के संघटक साहित्य संस्थान एवं भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में प्रतापनगर स्थित आईटी सभागार में हड़प्पा सभ्यता की खोज के सौ वर्ष : पुरानी समस्याएँ और नवीन दृष्टिकोण विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में पूर्व कुलपति एवं प्रभारी सदस्य प्रो. वसंत शिंदे ने बतौर मुख्य वक्ता कही। मुख्य अतिथि आईसीएचआर के सदस्य सचिव डॉ. ओम उपाध्याय ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण स्व की पहचान है , व्यक्ति के अन्तरमन की शक्ति और सामर्थ्य का आभास ही उसके कार्य की सफलता का द्योतक है। माता भूमि, पुत्रोहं पृथिव्या : का भाव भी इसी सभ्यता में परिलक्षित होता है। काल खंड का निर्धारण सुव्यवस्थित एवं सुनियोजित करने की अत्यंत आवश्यकता जताई। वर्ण व्यवस्था की संकल्पना भी इसी सभ्यता का अंश है।

अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि हड़प्पा सभ्यता दुनिया की सबसे समृद्ध सभ्यता रही है। इतिहासकारों के लिए हडप्पा जैसी उन्नत व समृद्ध सभ्यता को वर्तमान संदर्भ में समाज के बीच प्रस्तुत करना एक महत्वपूर्ण चुनौती है। यह सभ्यता इतनी उन्नत थी कि उस काल खण्ड में भी पैड़, पौधे , प्रकृति पुजन प्रमुख अंग रहा है। उन्होंने कहा कि प्रकृति से हमेशा स्नेह एवं श्रद्धा रखते हुए नजदीक रहना चाहिए। जितना हम उससे दूर भागेंगे उतना ही सभ्यता से दूर होते चले जायेंगे। हमें इतिहास से सिखने की जरूरत है, जिसके अभाव में हमारी कई सभ्यताएँ नष्ट हो गई है।